NEERAJ®

# बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

## Organising Child Care Services

## A.C.C.-1

**Chapter Wise Reference Book Including Solved Sample Papers**

By: *Sonia Mehandiratta,* M.A. (Education), B.Ed.

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ PUBLICATIONS
*(Publishers of Educational Books)*

**Retail Sales Office:**
1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail: info@neerajbooks.com
Website: www.neerajbooks.com

MRP ₹ 240/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajbooks.com**
*Website*: **www.neerajbooks.com**

**Reprint Edition with Updation of Sample Question Papers Only** | Typesetting by: **Competent Computers** | Printed at: **Novelty Printer**

***Notes:***

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and up-to-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## Get Books by Post (Pay Cash on Delivery)

*If you want to Buy NEERAJ BOOKS for IGNOU Courses then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com . where you can select your Required NEERAJ IGNOU BOOKS after seeing the Details of the Course, Name of the Book, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ IGNOU BOOKS.*

*While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the Various "Special Discount Schemes" being offered by our Company at our Official website www.neerajbooks.com.*

*We also have "Cash of Delivery" facility where there is No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through "Cash on Delivery" service (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 3-4 days after we receive your order and it takes Nearly 4-5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 8-9 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Mob.: 8510009872, 8510009878***

*E-mail:* **info@neerajbooks.com** *Website:* **www.neerajbooks.com**

# CONTENTS

# बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

## ( Organising Child Care Services )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved)* | 1–2 |
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2011 (Solved)* | 1-2 |


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|
| 1. | बाल्यकाल के अनुभव<br>( The Experience of Childhood ) | 1 |
| 2. | बाल विकास की मूलभूत संकल्पनाएँ<br>( Basic Concepts in Child Development ) | 5 |
| 3. | विकास के सिद्धान्त<br>( The Principles of Development ) | 9 |
| 4. | बच्चों की आवश्यकताएँ और अधिकार<br>( The Needs and Rights of Children ) | 12 |
| 5. | विकास में खेल का महत्त्व<br>( The Importance of Play in Development ) | 16 |
| 6. | जन्मपूर्व विकास और उससे संबंधित देखभाल<br>( Pre-natal Development and Care ) | 20 |
| 7. | शारीरिक, क्रियात्मक और संवेदात्मक विकास<br>( Physical, Motor and Sensory Development ) | 24 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 8. | संज्ञानात्मक विकास : विचारशक्ति का आविर्भाव<br>( Cognitive Development: The Emergence of Thought ) | 28 |
| 9. | भाषा का विकास : बोलना सीखना<br>( Language Development: Learning to Speak) | 31 |
| 10. | सामाजिक-भावात्मक विकास : प्रारम्भिक संबंध<br>( Socio-Emotional Development: The Early Relationships ) | 35 |
| 11. | विकास को बढ़ावा देने के लिए खेल क्रियाएँ<br>( Play Activities for Fostering Development ) | 40 |
| 12. | शारीरिक और क्रियात्मक विकास : बढ़ती हुई गतिशीलता और नियंत्रण<br>( Physical and Motor Development: Increase in Mobility ) | 44 |
| 13. | संज्ञानात्मक विकास : मानसिक संकल्पन और प्रतीकात्मक विचारशक्ति की ओर<br>( Cognitive Development: Towards Mental Representation and Symbolic Thinking ) | 47 |
| 14. | भाषा संबंधी विकास : शब्दों से वाक्यों का प्रयोग<br>( Language Development: From Words to Sentences ) | 49 |
| 15. | सामाजिक-संवेगात्मक विकास : बढ़ते हुए संबंध और स्व का उभरना<br>( Socio-Emotional Development: Expanding Relationships and the Emerging Self ) | 52 |
| 16. | विकास को बढ़ावा देने के लिए खेल क्रियाएँ<br>( Play Activities for Fostering Development ) | 56 |
| 17. | शारीरिक सुदृढ़ता और समन्वय में सुधार<br>( Physical Growth and Motor Development ) | 59 |
| 18. | संज्ञानात्मक योग्यताओं और संकल्पनाओं का विकास<br>( Developing Cognitive Abilities and Understanding Concepts ) | 62 |
| 19. | भाषायी विकास : शालापूर्व वर्षों में<br>( Enhancing Language Skills ) | 67 |
| 20. | समाजीकरण और पालन-पोषण के तरीके<br>( Social Relationship and Child Rearing ) | 72 |
| 21. | शारीरिक गतिविधियों तथा गतिशीलता के लिए खेल क्रियाएँ<br>( Activities for Movement and Mobility ) | 79 |
| 22. | परिवेश का अन्वेषण<br>( Exploring the Environment ) | 85 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 23. | संज्ञानात्मक योग्यताओं और संकल्पनाओं के विकास के लिए खेल क्रियाएँ<br>( Learning Some Concepts ) | 90 |
| 24. | भाषायी विकास को बढ़ावा देने के लिए खेल क्रियाएँ<br>( Furthering Language ) | 98 |
| 25. | फैंटेसी, कहानी सुनाना और नाटकीय खेल<br>( Fantasy, Story-telling and Dramatization ) | 103 |
| 26. | संगीत तथा शारीरिक क्रियाकलाप<br>( Music and Physical Activities ) | 108 |
| 27. | बच्चों के लिए कला संबंधी खेल क्रियाएँ<br>( Art for Children ) | 112 |
| 28. | बच्चों की सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना<br>( Nurturing Creativity ) | 117 |
| 29. | भारत में बच्चों के लिए देखभाल सेवाएँ<br>( Child Care Services in India ) | 120 |
| 30. | पाठ्यचर्या की योजना बनाना<br>( Planning the Curriculum ) | 126 |
| 31. | केन्द्र स्थापित करना तथा चलाना<br>( Setting up and Running a Centre ) | 135 |
| 32. | परिवार और समुदाय को सम्मिलित करना<br>( Involving the Family and Community ) | 139 |
| 33. | मूल्यांकन<br>( Evaluation ) | 143 |
| | प्रयोगात्मक कार्यों की नियमावली : परिचय<br>( Rules and Regulations of Practical Activities: An Introduction ) | 151 |


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

**Exam Held in**
**February – 2021**

*(Solved)*

## बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

**(Organising Child Care Services)**

**A.C.C.-1**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 1. बताइए आप निम्नलिखित कथनों से सहमत है या असहमत। अपने उत्तर के कारण बताइए–**

**(क) छोटे बच्चों के लिए खेल समय की बर्बादी है।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-21, पृष्ठ 79, 'खेल–समय को बेकार गँवाना'

**(ख) जीवन के प्रथम छह माह में शिशु के लिए माँ का दूध सर्वोत्तम आहार है।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-7, पृष्ठ 26, 'आहार'

**इसे भी देखें**–माँ का दूध शिशु के लिये अमृत समान होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जब तक बच्चे 6 महीने के नहीं हो जाते हैं, तब तक उनको स्तनपान जरूर कराना चाहिए। माँ के दूध में आवश्यक पोषक तत्व–खनिज, विटामिन, प्रोटीन, वसा, एंटीबाडीज और ऐसे प्रतिरोधक कारक मौजूद होते हैं, जो नवजात शिशु के सम्पूर्ण विकास और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। शिशु के जन्म के छह माह बाद तक माँ का दूध ही बच्चे के लिए सम्पूर्ण आहार की सभी जरूरतें पूरी करता है। स्तनपान माँ और शिशु दोनों के लिए लाभदायक होता है।

**स्तनपान से शिशु को लाभ–**

1. **शारिरिक विकास**–विटामिन ए एवं एंटीबॉडीज युक्त कोलोस्ट्रम, नवजात शिशुओं की जरूरतों के लिए अनुकूल रूप से विकास में मदद करता है। माँ के दूध में मौजूद प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम आदि तत्व शिशु के शारीरिक विकास में मदद करते हैं।

2. **प्रतिरोधक क्षमता**–माँ के दूध में उच्च प्रोटीन और रोगप्रतिकारक मौजूद होते हैं, जो शिशु की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।

3. **स्वस्थ पाचन तंत्र**–स्तनपान से प्रोबियोटिक मिलते हैं, जो शिशु के पाचन तंत्र में इंफेक्शन दूर करते हैं तथा बच्चे का पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है और पेट संबंधी परेशानियां होने के आशंका कम होती है।

4. **मानसिक विकास**–माँ के दूध में लांगचेन पॉली अनसैचुरेटेड फैटी एसिड होते हैं, जो शिशु के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

5. **एलर्जी से छुटकारा**–माँ का दूध शत प्रतिशत सुरक्षित है, इसलिए स्तनपान करने वाले बच्चों में एलर्जी की संभावना कम होती है, जबकि अन्य प्रकार के दूध से एलर्जी होने की आशंका हो सकती है।

6. **स्वस्थ हड्डियों का विकास**–स्तनपान से शिशु के शरीर में प्रोटीन और विटामिन की कमी नहीं होती है तथा माँ के दूध में मौजूद कैल्शियम शिशु के द्वारा अवशोषित कर लिए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत करने का काम करते हैं।

7. **सुपाच्य**–माँ का दूध, शिशु के पाचन क्रिया के अनुरूप निर्मित होता है और माँ के दूध में मौजूद पोषक तत्व सुपाच्य होते हैं, जिसे शिशु आसानी से पचा लेता है।

8. **बेहतर दृष्टि**–माँ के दूध में डी.एच.ए. होता है, जिससे आगे चलकर बच्चे की दृष्टि भी तेज होती है।

9. **सर्वश्रेष्ठ एवं सम्पूर्ण आहार**–माँ के दूध में सभी पोषक तत्व होते हैं, जो शिशु के सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक होते हैं। माँ का दूध, बच्चे के लिए सम्पूर्ण आहार माना जाता है।

10. स्तनपान, सडन इन्फेंट डेथ सिंड्रोम के खतरे को कम करने में मदद करता है।

**(ग) बच्चे के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों की शुरुआत तब होती है जब वह पहली कक्षा में आता है।**

**उत्तर**–यह बात सही है कि बच्चों के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों की शुरुआत तब होती है, जब वह प्रथम कक्षा में आता है, क्योंकि तब वह देखभाल केंद्र की दुनिया से बाहर निकलकर आता है। अब वह आत्मनिर्भर रूप से अपने साथ कक्षा में नए बच्चों को देखता है, उनका अवलोकन करता है। अब तक वह श्रवण, वाचन, पठन और लेखन कौशलों से

www.neerajbooks.com



बुनियादी बातें सीख चुका होता है, पहली कक्षा में वह उनका प्रयोग करना प्रारंभ करता है, अपने अर्जित सामान्य ज्ञान का उपयोग उसके अंदर आत्मविश्वास मजबूत होता है। वह नए लोगों से स्वयं समायोजन करना सीखता है। उसकी समाजीकरण की प्रक्रिया सही मायनों में यहीं से शुरू होती है, क्योंकि वह अब स्थितियों से स्वयं जूझता है, दूसरों के व्यवहार का अवलोकन करता है और अपने अनुभव विकसित करता है।

**प्रश्न 2. (क) जीवन के प्रथम दो वर्षों में स्थूल क्रियात्मक विकास के मानदंडों को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें, अध्याय-12, पृष्ठ-44, 'स्थूल क्रियात्मक कौशल'

**(ख) दो वर्ष के बच्चे के सूक्ष्म और स्थूल-क्रियात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक-एक क्रिया का वर्णन कीजिए। अपना उत्तर निम्नलिखित फारमेट में दें–**

**क्रिया का उद्देश्य :**

**अपेक्षित सामग्री :**

**क्रिया की विषय-वस्तु :**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें, अध्याय-21, पृष्ठ-80, 'स्थूल क्रियात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए खेल क्रियाएं', पृष्ठ-81, 'सूक्ष्म क्रियात्मक विकास के लिए खेल क्रियाएं'

**प्रश्न 3. (क) संगीत व शारीरिक गतिविधियों वाली क्रियाएँ छोटे बच्चों के विकास को किस तरह बढ़ावा देती हैं? उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-26, पृष्ठ-111, प्रश्न 2, पृष्ठ-108, 'संगीत एवं शारीरिक क्रियाकलाप का महत्व'

**(ख) शालापूर्व वर्षों में संज्ञात्मक विकास की कोई दो विशेषताएं बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-18, पृष्ठ-62, 'कुछ संज्ञानात्मक योग्यताएं और कौशल', अध्याय-30, पृष्ठ-127, संज्ञात्मक लक्ष्य–शालापूर्व बच्चों के लिए'

**प्रश्न 4. (क) एक शालापूर्व शिखिका ने पाँच वर्ष के बच्चों के समूह के लिए नजदीकी सब्जी-विक्रेता की दुकान पर जाने की योजना बनाई है। उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए कि इस भ्रमण से बच्चों के किन विकास-क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-22, पृष्ठ-86, 'भ्रमण का आयोजन', 'भ्रमण से पहले', 'भ्रमण के दौरान', पृष्ठ-89, प्रश्न 1

**(ख) कक्षा में वापस आने पर इस भ्रमण के आधार पर शिक्षिका कौन-सी क्रियाएँ आयोजित कर सकती है?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-22, पृष्ठ-86, 'भ्रमण के बाद'

**प्रश्न 5. 'पाठ्यचर्या' से सम्बन्धित पाँच पहलू और 'शिक्षण-शैली' से सम्बन्धित पाँच पहलू बताइए जिन्हें आप यह मूल्यांकन करते हुए ध्यान में रखेंगे कि शालापूर्व केन्द्र बच्चों के लिए उपयुक्त है या नहीं। अपने उत्तर के पक्ष में कारण और तर्काधर दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-33, पृष्ठ-141, 'केंद्र का मूल्यांकन', पृष्ठ-147, 'पाठ्यचर्या का मूल्यांकन', 'स्थान और खेल सामग्री का मूल्यांकन', पृष्ठ-148, 'सफाई एवं स्वच्छता का मूल्यांकन', 'उपस्थिति का रिकार्ड'

**प्रश्न 6. (क) चार वर्षीय बच्चे के लिए दोपहर के भोजन की संतुलित व्यंजन-सूची बताइए। बताइए कि आप कौन-से व्यंजन बनाएँगे, प्रत्येक व्यंजन में प्रयुक्त खाद्य-पदार्थों और प्रत्येक खाद्य-पदार्थ से मिलने वाले पोषक तत्वों की जानकारी भी दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-61, प्रश्न 3

**(ख) माता-पिता 13 से 36 माह के बच्चों में स्वायत्तता का विकास कैसे कर सकते हैं? उदरहरण देते हुए वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-15, पृष्ठ-52, 'स्वायत्तता का विकास', पृष्ठ-54, प्रश्न 1

**प्रश्न 7. (क) उदाहरण देते हुए वर्णन कीजिए कि 'पठन-पूर्व' और 'लेखन-पूर्व' कौशल क्या हैं?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ-68, 'पठन-पूर्व और लेखन पूर्व कौशल'

**(ख) प्रत्येक कौशल के विकास में सहायक दो गतिविधियाँ बताइए। (आपको कुल चार क्रियाओं का वर्णन करना है।)**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-24, पृष्ठ-98, 'भाषा तथा पठन-पूर्व और लेखन-पूर्व कौशलों को बढ़ावा देने के लिए खेल क्रियाएं'

■■

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# बच्चों के लिए देखभाल सेवाओं का संगठन
# ( Organising Child Care Services )

## बाल्यकाल के अनुभव
## ( The Experience of Childhood )

1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### प्रस्तावना

बाल्यावस्था बहुत ही कोमल और बहुमूल्य अनुभव है, जिससे हम सभी गुजरे हैं। अगर आज भी हम बचपन की कुछ घटनाएं याद करें, तो कई धुंधली-सी यादें फिर से तरोताजा हो जाती हैं।

बाल्यावस्था के अनुभवों और भावनाओं को समझना बहुत आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक धर्म में बचपन को सीखने का समय माना जाता है। बच्चों में उत्सुकता और कल्पना शक्ति इतनी तीव्र होती है कि वे जल्दी ही अपने-आपको किसी भी परिवेश में ढाल लेते हैं। वैसे तो बच्चों में कई समानताएं होती हैं, परंतु सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नता के कारण प्रत्येक का बचपन भिन्न होता है।

आर्थिक परिस्थितियों के साथ-साथ माता-पिता का बच्चों के साथ उचित रूप से बिताया गया समय भी बच्चों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनने में मदद करता है।

### कैसा होता है बचपन?

बचपन भावुक, चुस्त, जिज्ञासाओं से भरा हुआ, भावनाओं से जुड़ा हुआ और कल्पनाओं की उड़ान पर सवार होता है। उस समय बच्चे जल्दी से प्रसन्न और उदास हो जाते हैं। उनके क्यों, कब, कैसे, कहाँ जैसे प्रश्न हमेशा तैयार रहते हैं। इसी से वे सीखते हैं और इसी जिज्ञासा की पूर्ति उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है।

बचपन में खेल के प्रति लगाव बहुत अधिक होता है। उन्हें खेलने के लिए किसी खास खिलौने की आवश्यकता नहीं होती। वे अपनी कल्पना की उड़ान से आलू, टमाटर को गेंद के रूप में और कुर्सी को टेढ़ा करके गाड़ी के रूप में खेल लेते हैं।

बच्चे बड़ों की दुनिया से प्रभावित होकर जल्दी ही उन जैसे बनना चाहते हैं। वे खेलते हुए भी अपने बड़ों की तरह बातचीत व व्यवहार करते हैं।

बच्चों की क्षमताओं व भावनाओं के बारे में कई लोगों की धारणाएँ सही नहीं हैं। वे समझते हैं कि ये बच्चे नासमझ हैं और इन्हें आसानी से बुद्धू बनाया जा सकता है। परंतु ऐसा नहीं है, बच्चा माँ के गर्भ से ही सीखना शुरू कर देता है और चिकनी मिट्टी के समान उसे जैसा माहौल मिलता है, उसी के अनुरूप अपने को ढाल लेता है।

### बाल्यावस्था का सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ

हमारा समाज और कई अन्य कारक हमारे बचपन के अनुभवों को सुनिश्चित करते हैं। जैसे कि एक बच्चा घर की आर्थिक स्थिति ठीक होने की वजह से अच्छे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करता है और वहीं दूसरी ओर एक किसान का बेटा घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पिता के साथ खेत में काम करता है।

परिवार व समुदाय के रीति-रिवाज, परंपराएं, नैतिक मूल्य व विश्वास, गांव व शहर का माहौल भी बचपन के अनुभवों को प्रभावित करता है।

www.neerajbooks.com



**लिंग**

एक बच्चे का लड़का या लड़की होना भी बचपन के अनुभव को निर्धारित करता है। पालन-पोषण के दौरान उसे किस प्रकार के अवसर व सुविधाएं मिली हैं यह तथ्य भी उसे आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है।

आज भी कई परिवारों में लड़कों व लड़कियों की परवरिश में फर्क देखने को मिलता है। लड़कों को लड़कियों की अपेक्षा अधिक महत्त्व दिया जाता है।

**सामाजिक वर्ग**

एक बच्चे को किस प्रकार की सुविधाएँ और अवसर उपलब्ध होंगे, यह उसके परिवार के सामाजिक व आर्थिक ढांचे पर निर्भर करता है।

**निम्न सामाजिक वर्ग के परिवार**

एक निम्न सामाजिक वर्ग इतना पैसा भी नहीं जुटा सकता कि वह अपने बच्चों की बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सके। उन्हें जीने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है, तो शिक्षा जैसा शब्द तो उनके लिए व्यर्थ है। इन परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे होश संभालते ही माता-पिता की काम में मदद करके जीविका कमाने में लग जाते हैं।

इन बच्चों का बचपन काम के दौरान पत्थर, टहनियों, खाली डिब्बों से खेलते हुए ही बीत जाता है।

**मध्यम और उच्च वर्ग के परिवार**

आर्थिक स्थिति अच्छी होने के कारण इन परिवारों में बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना अपने जीवन का महत्त्वपूर्ण लक्ष्य समझा जाता है। एक सम्पन्न परिवार में बच्चे को सभी सुख-सुविधाएं प्राप्त होती हैं। इन्हें आर्थिक साधन जुटाने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता और इनका अधिक से अधिक समय पढ़ने व खेलने में ही बीतता है, ताकि वे आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बन सकें।

**बाल-श्रम**

निम्न वर्ग के परिवार के बच्चे अस्वस्थ और कठिन व शोषणकारी स्थितियों में कारखाने व फैक्ट्रियों में जोखिम भरे काम करते हैं, जहाँ बदले में उन्हें पर्याप्त मजदूरी भी नहीं मिलती। ये बच्चे एक दिन में औसत 12 से 14 घंटे काम करते हैं। जिन कमरों में वे काम करते हैं, वे खचाखच भरे हुए होते हैं व हवादार नहीं होते। इन बच्चों के हाथ बिना किसी दस्तानों के अम्ल व क्षारीय घोलों में सुबह से शाम तक डूबे रहते हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होते हैं। 6-7 साल काम करने के बाद जब बच्चे 13-14 साल की उम्र में पहुंचते हैं तब वे त्वचा की बीमारियों, एलर्जी व कैंसर से ग्रस्त हो जाते हैं। तमिलनाडू में माचिस उद्योग, जम्मू-कश्मीर में कढ़ाई और अलीगढ़ में ताला उद्योग कुछ ऐसे उद्योग हैं, जहाँ बाल श्रम प्रचलित है।

**धर्म**

सभी धर्मो ने बच्चों को कोमल, नि:स्वार्थी और भगवान् के रूप में माना है, जो किसी भी प्रकार के हेरफेर के बिना अपने संस्कारों व रीति-रिवाजों को खेल-खेल में अपना लेता है। धर्म दैनिक जीवन से संबंधित नियमों व नैतिक मूल्यों को प्रभावित करता है।

एक हिन्दू समाज में रहने वाला बालक रामायण पाठ, हवन आदि गतिविधियां घर में होते हुए देख अपने-आप सीख जाता है। उसे तीर्थ स्थानों व पवित्र चीजों के प्रति आदर करना एक परिवार में रहकर स्वयं ही आ जाता है।

**पारिवारिक संरचना और परस्पर संबंध**

पारिवारिक संरचना और आपसी संबंध बाल्यावस्था को प्रभावित करते हैं। एक परिवार जहाँ पर माता व पिता दोनों काम पर जाते हैं और पीछे से छोटे बच्चे को दादा-दादी का सहयोग मिल जाता है, तो वह अपने को सुरक्षित समझने लगता है।

एक परिवार जहाँ पर माता व पिता में से एक का अभाव होता है और माता-पिता अकेले ही नौकरी के साथ-साथ बच्चों की देखभाल का उत्तरदायित्व भी निभाते हैं, तो किसी स्थिति में बच्चा जल्दी ही आत्मनिर्भर बनना सीख जाता है। कई बार माता-पिता में से एक का अभाव बच्चे पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, क्योंकि वे एक के अभाव में अपने को अकेला व दूसरों से भिन्न समझने लगते हैं। इसके लिए पिता के अभाव में माँ को अपनी भूमिका व उत्तरदायित्व को अच्छे से निभाना होगा।

अत: यह जरूरी है कि माता या पिता दोनों ही बच्चे के साथ उचित समय बिताएं, जिसमें उसकी अच्छे से देखभाल करें, उसकी जिज्ञासा को पूर्ण करने के लिए उचित उत्तर दें, उसकी समस्याओं को ध्यान से सुनकर उनका हल ढूंढने का प्रयास करें, बच्चे के साथ सार्थक संवाद स्थापित करें। ऐसा करने में थोड़ा समय भी महत्त्वपूर्ण होगा।

**पारिस्थितिकी संदर्भ**

पारिस्थितिकी का अर्थ है, वह भौतिक वातावरण जिसमें व्यक्ति अपना जीवनयापन करता है।

बच्चे अपनी पारिस्थितिक स्थिति के अनुरूप ही कौशल सीखते हैं; जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे भेड़ों को चराने ले जाते हैं, वे ऊन बनाना सीख जाते हैं।

रेगिस्तान में रहने वाले बच्चे ऊंट की देखभाल करना सीख जाते हैं व रेत के टीलों को पार करने में माहिर हो जाते हैं।

विभिन्न भौगोलिक स्थानों को ग्रामीण, शहरी व जनजातीय क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है।

**शहरों में रहने का अनुभव**

शहर का नाम लेते ही हमें ध्यान आता है घनी आबादी और विविधता। जहाँ शहर में एक तरफ उच्च आय वर्ग के लोग हैं, जो अपनी अच्छी आय के बल पर सभी सुख-सुविधाएं अर्जित कर सकते हैं। टेलीफोन, कंप्यूटर, इंटरनेट आदि का प्रयोग करके घर बैठे दुनिया के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गर्मी में एयरकंडीशनर व रेफ्रिजरेटर का प्रयोग बिना किसी हिचक के कर

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



सकते हैं। वहाँ बच्चों की शिक्षा के लिए अच्छे से अच्छे स्कूलों की खोज की जाती है, ताकि उनका सर्वतोमुखी विकास हो सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें।

दूसरी तरफ शहर में रहने वाला वह गरीब व्यक्ति जो अपनी आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण अपने बेटे या बेटी को अपने रोजगार में मदद के लिए लगा लेता है, वह लोगों के घर में सफाई करके या चाय की दुकान पर काम करके अपनी जीविका अर्जित करता है।

**गांव में रहने का सुख**

गांव में आबादी कम होती है, परंतु वहाँ पर अधिकतर बच्चे अपने माता-पिता के साथ व्यवसाय में मदद करते हैं, चाहे वह खेती-बाड़ी का काम हो या मिट्टी के बर्तन बनाना।

यदि पारिवारिक स्थिति अच्छी है, तो बच्चों को स्कूल जाने का समय मिल जाता है। गांव में रहने वाले बच्चों के पास व्यावहारिक ज्ञान (Practical Knowledge) बहुत ही अधिक होता है। वे भले ही Computer या Internet का प्रयोग न कर सकें, परंतु रेडियो या टेलीविजन नेटवर्क के विस्तार से बाहरी दुनिया गांवों तक पहुंच गई है।

दूसरी ओर राजस्थान का **भैया गाँव** एक ऐसा दूरस्थ गाँव है, जहाँ पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 60 कि.मी. दूर है और अस्पताल 150 कि.मी. दूर है।

अलग-अलग परिस्थितियों के अनुभव अलग-अलग होते हैं।

**जनजातीय क्षेत्र में रहने का अनुभव**

भारत में अनेक जनजातियां हैं। शहरों और कस्बों के नजदीक रहने वाली जातियां काफी हद तक शहरों से प्रभावित हैं और उनमें घुल-मिल गई हैं, परंतु अभी भी कुछ जनजातियां बाकी दुनिया से बिल्कुल अलग हैं, जैसे पहाड़ी मढ़िया जनजाति, जो मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में निवास करती है।

पहाड़ी मढ़िया जाति के लिए झूम खेती जीवनयापन का एकमात्र साधन है। भूमि पर सामूहिक स्वामित्व होता है। लोग बाहरी दुनिया पर केवल नमक, मिर्च व तंबाकू के लिए निर्भर हैं। पहाड़ी मढ़िया में विवाह से पूर्व यौन की आज्ञा है। बाल-विवाह बिल्कुल नहीं होता। यहाँ शिक्षित लोगों की संख्या कम है और स्वास्थ्य संबंधी सुविधा की कमी के कारण अस्वस्थता बहुत अधिक है।

राज्य सरकार और स्वैच्छिक एजेंसियों की मध्यस्थता के कारण इनके रहन-सहन में बदलाव आया है। अब वहाँ पर एक अस्पताल, स्कूल, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और उचित दर की दुकान भी है। झूम खेती को भी व्यवस्थित खेती में परिवर्तित करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## सारांश

इस इकाई में आपने पढ़ा कि बच्चों में उत्सुकता, अन्वेषण की अभिलाषा, कल्पनाशीलता, वयस्कों की नकल करना आदि कई गुण सामान्य रूप से पाए जाते हैं। बच्चों के बहुत-से अनुभव सार्वभौम होते हैं फिर भी सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नता के कारण प्रत्येक बच्चे का बचपन भिन्न होता है। आज भी भारत में लड़कों को लड़कियों की अपेक्षा अधिक महत्त्व दिया जाता है।

निम्न समाजिक वर्ग के बच्चों को छोटी उम्र में ही जीवन-यापन के लिए जोखिम भरे काम करने पड़ते हैं। वे स्कूल नहीं जा सकते, जबकि दूसरी ओर मध्यम व उच्च वर्ग के बच्चों की सभी मूलभूत आवश्यकताएं और अभिलाषाएँ अपने-आप ही पूरी हो जाती हैं।

बालक या बालिका को किस प्रकार का पारिवारिक सहयोग मिलता है, यह उसके विकास को प्रभावित करता है। गाँव, शहर तथा जनजातीय क्षेत्रों में बच्चों के व्यवहार भिन्न होते हैं।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. बाल श्रम से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर** बाल श्रम शब्द का प्रयोग उन निम्न वर्ग के परिवार के बच्चों के लिए किया जाता है जो कि अस्वस्थ और कठिन व शोषणकारी स्थितियों में कारखाने और फैक्ट्रियों में जोखिम भरे काम करते हैं, जिनका उनके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ता है और जहाँ बदले में उन्हें पर्याप्त मजदूरी भी नहीं मिलती। ये बच्चे दिन में 12-14 घंटे काम करते हैं। इन कामों में लगे रहने के कारण ये बच्चे न तो खेल सकते हैं और न ही अपना मनोरंजन कर सकते हैं। तमिलनाडू में माचिस उद्योग, जम्मू-कश्मीर में कढ़ाई उद्योग आदि में बाल श्रम प्रचलित है।

**प्रश्न 2. पहाड़ी मढ़िया की जीवन-शैली में बाहरी दुनिया के संपर्क में आने से जो परिवर्तन आए हैं, उनमें से किन्हीं तीन को बताइए।**

**उत्तर** पहाड़ी मढ़िया जनजाति मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में है। राज्य सरकार और स्वैच्छिक एजेंसियों की मध्यस्थता की वजह से पहाड़ी मढ़िया जाति अब बाहरी दुनिया से परिचित हो गई है। इस कारण उनके रहन-सहन में बदलाव आया है।

1. अब वहाँ एक अस्पताल, स्कूल, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और उचित दर की दुकान भी है।

2. झूम खेती को व्यवस्थित खेती में परिवर्तित करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

3. सौर ऊर्जा का प्रयोग भी कई गांवों में किया जा रहा है।

**प्रश्न 3. कोई तीन सामान्य आचरण बताइए जिनसे यह ज्ञात हो कि शहरी बच्चे के अनुभव एक गांव में रहने वाले बच्चे से भिन्न होते हैं।**

**उत्तर** शहरी बच्चे शहरी जीवन की तेज रफ्तार के अनुरूप ही अपना जीवन जीते हैं, जबकि गांव में जीवन की गति बहुत ही धीमी है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



एक शहरी बच्चे को अखबार, पत्रिकाओं, टेलीविजन, कंप्यूटर, इंटरनेट और किताबों से विविध जानकारी मिल जाती है, जबकि गाँव के बच्चों की जानकारी सीमित होती है।

एक शहरी बच्चे को शहर में अस्पताल, होटल, स्कूल, सिनेमा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, यातायात के विभिन्न साधन और अन्य कई सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं।

**प्रश्न 4. अपने अनुभव व स्मरणों में से निम्नलिखित का एक उदाहरण लिखिए :**

**1. बच्चे में उत्सुकता;**

**2. बच्चों द्वारा वयस्कों की नकल करना।**

**उत्तर 1. बच्चे में उत्सुकता** बच्चों को अपने आस-पास की वस्तुओं की खोजबीन करने में रुचि होती है, यही उनके सीखने का एक तरीका है। क्यों, क्या, कब आदि प्रश्न हमेशा तैयार रहते हैं। अपने प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए वे खेलते-खेलते अपने खिलौनों को भी तोड़-मरोड़ कर उन्हें खोल देते हैं, यह जानने के लिए कि यह कैसे चलता है।

**2. बच्चों द्वारा वयस्कों की नकल करना** बच्चे बड़ों की दुनिया से आकर्षित होते हैं और जल्दी से बड़ों जैसा बनना चाहते हैं। इसलिए जब बच्चे आपस में खेल रहे होते हैं, तो खासतौर से लड़कियाँ अपने स्कूल की मैडम बनकर दूसरे बच्चों को पढ़ाती हैं जैसा कि उनकी मैडम स्कूल में किया करती है। गृह-कार्य देखना, बच्चों को डांटना या सजा देना या उनसे प्रश्न पूछना आदि में बच्चों द्वारा वयस्कों के कार्यकलापों की झलक साफ दिखाई देती है।

**प्रश्न 5. स्कूल की उपस्थिति में निम्न सामाजिक वर्ग के लड़कों और लड़कियों की संख्या में अंतर बताइए।**

**उत्तर** स्कूल की उपस्थिति में निम्न सामाजिक वर्ग इस बात के लिए तैयार नहीं होता कि उसका बच्चा काम में मदद करके जीविका कमाने के बजाय स्कूल जाए। फिर भी अगर बड़ा भाई पिता की मदद कर रहा है, तो छोटे भाई को स्कूल जाने की अनुमति मिल जाती है, जहाँ पर उसे नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त होती है, परंतु लड़की को कभी नहीं, क्योंकि माता-पिता की अनुपस्थिति में छोटी लड़की का एक महत्त्वपूर्ण उत्तरदायित्व घर चलाना और छोटे बच्चे की देखभाल करना है। इन परिवारों में लड़कों को अधिक महत्त्व दिया जाता है।

**प्रश्न 6. वे कार्य बताइए जो बच्चे अपने परिवार की मदद के लिए करते हैं।**

**उत्तर** मध्यम या उच्च वर्ग के परिवार के बच्चे तो अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कूलों में जाते हैं और खाली समय में घर में छोटे-बड़े काम करके परिवार की मदद करते हैं, परंतु निम्न वर्ग के बच्चों को होश संभालते ही अपनी जीविका के लिए माता-पिता के काम में मदद करनी पड़ती है या फिर बाल-श्रम के रूप में शोषणकारी परिस्थितियों में काम करना पड़ता है।

■■

Neeraj Publications
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com